तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 17 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

किसानों को जरुरत के समय पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं खाद-बीज : शुक्ला

4



(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड
(रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340

## खबर संक्षेप

### पंजीकृत निर्माण श्रमिक 30 जून तक कराएं ई-केवाईसी और रिकॉर्ड अपडेट

**मालखरौदा।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कल्याण और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है।श्रम विभाग द्वारा इस अभियान को 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य है। सभी पात्र श्रमिक समय-सीमा के भीतर अपना सुधार कार्य अवश्य करा लें। अधिक जानकारी के लिए श्रम विभाग के कार्यालय या जनपद पंचायत के श्रम संसाधन केंद्र से सम्पर्क कर सकते हैं।इसके तहत आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ करने से पहले, सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के विवरण का आधार कार्ड के अभिलेखों के अनुसार सत्यापन और संशोधन किया जा रहा है। यह पूरी प्रक्रिया कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी ) के माध्यम से संचालित होगी। इस संशोधन प्रक्रिया के तहत पंजीकृत श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में उपस्थित होना होगा। वहाँ संचालक (वीएलईं ऑपरेटर ) द्वारा श्रमिक की पहचान का भौतिक सत्यापन किया जाएगा और पोर्टल के रजिस्ट्रेशन अपडेशन मॉडयूल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पूर्णतः उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना

**सक्ती।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए उनके संरक्षण के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम, 1972 के तहत 16 जून 2026 से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस अवधि में जिले के सभी तालाबों एवं ऐसे जल स्त्रोतों, जिनका संबंध नदी-नालों से है, में मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, उन जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर तथा ऐसे छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत, जिनका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है, इस प्रतिबंध के दायरे में नहीं आएंगे। इस दौरान सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पर रोक रहेगी। मत्स्य विभाग ने सभी मत्स्य पालकों, मछुआरों एवं आम नागरिकों से बंद ऋतु के दौरान नियमों का पालन करने तथा मत्स्य संसाधनों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है।

### चार माह गुजर जाने के बाद भी जनपद में जमा नहीं हो पाई स्थाई सूची

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत मालखरौदा के पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कश्यप द्वारा 81 पंचायत में पंच सरपंचों से पांच प्रकार के स्थाई समिति का गठन कर सूची जनपद पंचायत को जमा करने को तीन चार माह पहले कहा गया था, लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि तीन-चार माह गुजर जाने के बाद भी अभी तक अधिकांश पंचायत द्वारा पांच सदस्य स्थाई समितियां की सूची जनपद पंचायत में जमा नहीं किया गया है जो की सचिवों के कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। वही इस संबंध में नव पदस्थ जनपद सीईओ तेजेश्वर यादव ने शाखा प्रभारी से जानकारी लिया तो पता चला कि मुश्किल से 11 से 12 पंचायत से स्थाई समिति का प्रपत्र जमा हो पाया है। ऐसे में समझा जा सकता है ग्राम पंचायत में स्थाई समितियां का बैठक किस प्रकार से चल रहा होगा। मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जनपद पंचायत मालखरौदा तेजेश्वर यादव स्थाई समितियां के प्रपत्र शीघ्र जमा करने को लेकर सभी सचिवों को पत्र लिखा जा रहा है।

सर्वर डाउन होने से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति नहीं हो सकी दर्ज, भीषण गर्मी से बच्चे भी रहे बेहाल

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले स्कूल पहले ही दिन फेल हुआ सीजीव्हीएसके ऐप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार को जिले के सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों के द्वार खुल गए। स्कूल पहुंचने को लेकर बच्चों में उत्साह तो दिखा, लेकिन पहले ही दिन भीषण गर्मी ने उनकी परेशानी बढ़ा दी। वहीं दूसरी ओर शिक्षकों को राज्य शासन के नए ऑनलाइन उपस्थिति सिस्टम सीजीव्हीएसके (विद्या समीक्षा केंद्र) ऐप के कारण परेशान होना पड़ा। सर्वर डाउन रहने से जिले के किसी भी शिक्षक की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी।

राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार मंगलवार 16 जून को स्कूलों के पट खुले इसको लेकर शिक्षक और बच्चे सुबह 10 बजे ही पहुंच गए थे। इस दौरान राज्य शासन द्वारा शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से सीजीव्हीएसके ऐप शुरू किए गए अप में अटेंडेंस को लेकर शिक्षक परेशान होते रहे। सीजीव्हीएसके ऐप के तहत सभी शिक्षकों को अपने मोबाइल फोन में ऐप डाउनलोड कर स्कूल पहुंचने पर सुबह 10 बजे लोकेशन के साथ चेक-इन तथा शाम 4 बजे चेक-आउट करना अनिवार्य किया गया है, लेकिन स्कूल खुलने के पहले ही दिन यह व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सुबह से ही सर्वर डाउन रहने के कारण शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर पाए। शिक्षकों का कहना है कि वे समय पर स्कूल पहुंच गए थे, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते ऐप काम नहीं कर रहा था। कई शिक्षकों ने बार-बार लॉगिन करने और उपस्थिति दर्ज करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इससे शिक्षकों में यह चिंता बनी रही कि कहीं उनकी अनुपस्थिति दर्ज न हो जाए।इधर, स्कूल पहुंचे बच्चे भी भीषण गर्मी से परेशान नजर आए। अधिकांश स्कूलों में पहले दिन साफ-सफाई, कक्षाओं की व्यवस्था और औपचारिक उपस्थिति दर्ज करने का कार्य किया गया। बच्चों को मध्यान्ह भोजन कराया गया, लेकिन दोपहर बाद तेज गर्मी के कारण कई स्कूलों में अघोषित अवकाश जैसा माहौल रहा। बच्चे कक्षाओं की बजाय बरामदों और पेड़ों की छांव में समय बिताते नजर आए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सीजीव्हीएसके ऐप में तकनीकी समस्या की जानकारी शासन स्तर पर भेज दी गई है और जल्द ही सर्वर की समस्या दूर कर ली जाएगी, ताकि शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति सुचारु रूप से दर्ज हो सके।

### खास बातें

- जिले के सभी स्कूल ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले
- सीजीव्हीएसके ऐप का सर्वर दिनभर डाउन रहा। किसी भी शिक्षक की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी
- सुबह 10 बजे चेक-इन और शाम 4 बजे चेक-आउट का है प्रावधान
- दोपहर बाद कई स्कूलों में अघोषित अवकाश जैसा माहौल रहा।



छात्राओं को पुस्तक प्रदान करते कलेक्टर एवं अन्य अतिथि।

### शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए कलेक्टर, विद्यार्थियों को दिए सफलता और करियर निर्माण के मंत्र

नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस पर ग्राम चोरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में कलेक्टर जन्मेजय महोबे शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया तथा शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि निरंतर मेहनत, सही योजना और समय का सद्धुपयोग ही सफलता की कुंजी है।

### सर्वर में प्रॉब्लम

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सभी स्कूल खुल गए हैं। शिक्षकों को बीएसएण एप में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करानी है। सर्वर डाउन होने के कारण पहले दिन उपस्थित नहीं हो सकी है। इसकी सूचना राज्य कार्यालय को भेज दी गई है।

-अशोक कुमार सिन्हा,
जिला शिक्षा अधिकारी
जांजगीर-चांपा

# मजदूरी भुगतान पाने दफ्तर का चक्कर काट रहे हमाल

धान खरीदी समाप्त होने 4 माह बाद भी नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह



सिवनी सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी के दौरान काम करने वाले हमाल अब मजदूरी का भुगतान पाने दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। धान खरीदी समाप्त होने के चार माह बाद भी 22 हमालों को मजदूरी राशि नहीं मिल सकी है।

सेवा सहकारी समिति सिवनी का विवादों से नाता रहा है। सिवनी समिति एक बार फिर विवादों से घिर गईं है। धान खरीदी के दौरान काम करने वाले मजदूरों को अब मजदूरी की राशि पाने कलेक्टर कार्यालय का चक्कर काट रहें है। धान उपार्जन का कार्य 22 हमाल मजदूरों ने किया। तौल, सिलाई और अन्य कार्य को करने वाले हमाली मजदूर अब खुद की कमाई की मजदूरी राशि पाने परेशान हैं। हमालों ने एक बार फिर मंगलवार 16 जून को अपनी फरियाद को लेकर कलेक्टर से मुलाक़ात की। इस सम्बन्ध में शिकायत कर्ता हमाली मजदूरों ने बताया कि चांपा तहसील अंतर्गत ग्राम सिवनी स्थित सेवा सहकारी समिति मर्यादित के धान खरीदी केंद्र में खरीफ वर्ष 2025- 26 में काम किया। हमाल मुकरदम अहिंवरण कश्यप एवं मोहपाल दोनों ने मिलकर सिवनी मंडी का धान उपार्जन कार्य हेतू सिवनी समिति प्रभारी प्रबंधक ललित देवांगन एवं धान खरीदी प्रभारी महावीर बरेठ के साथ स्टाम्प पेपर में धान खरीदी उपार्जन हेतू प्रति क्विंटल 10 रूपये की दर से भुगतान करने बातचीत तय कर नोटरी निष्पादित कराया गया था। जिसकी कॉपी समिति के पास सुरक्षित है। धान खरीदी पूर्ण होने और पूर्ण परिदान हो जाने के बाद भी मजदूरी राशि भुगतान नहीं हो पाया है। हमालों ने बताया कि मजदूरी राशि भुगतान पाने रोज धान खरीदी केंद्र समिति के ऑफिस का चक्कर लगाते थक चुके हैं। भुगतान के लिए समिति के प्रबंधक ललित देवांगन एवं महावीर बरेठ के द्वारा गोल मोल जवाब देकर घुमाया जा रहा है। आज कल करके 4 माह हो चुके हैं, लेकिन मजदूरी भुगतान नहीं हो पा रहा है। मामले की जांच और मजदूरी भुगतान की मांग कलेक्टर समेत जिला सहकारी बैंक जांजगीर के नोडल अधिकारी, सहकारी संस्था के उप पंजीयक से की गई है। कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर शिकायत करने वालों में महिपाल, तीजराम, रामसागर, बिनेश कुमार, लक्ष्मीनारायण, हरिशंकर, प्रेमसिंह गणेश राम कश्यप, दूजराम, अहिवरण, मधुसूदन, चन्द्रमणी, गुलशन, दिलहरण, आशाराम, राजू, राजेश, भागवत समेत 22 हमाल शामिल हैं।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

धान खरीदी केंद्र सिवनी में हमाल के रूप में काम करने वाले मजदूरों को मजदूरी राशि नहीं मिलने की शिकायत मिली है। कलेक्टर के निर्देश पर 15 जून को मामले की जांच के लिए मै स्वयं मौके पर पहुंचा था। शिकायत कर्ता हमालों और समिति के अध्यक्ष व सम्बंधित अधिकारियो का बयान लिया गया है। साथ ही केसीसी के मामले में घोर लापरवाही को देखते हुये समिति को नोटिस भी जारी किया गया है।

संतोष कुमार सोनी,
सुपरवाइजर,
केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा चांपा

हमालों को उनके मजदूरी राशि का भुगतान कुछ शेष है। समिति की बैठक लेकर शेष मजदूरी राशि का शीघ्र ही भुगतान कर दिया जाएगा

-प्रमोद देवांगन,
अध्यक्ष,
सेवा सहकारी समिति सिवनी

धान खरीदी में लगे हमाली मजदूरों को एक किश्त की मजदूरी राशि भुगतान कर दिया गया है। शेष राशि का भुगतान भी कराया जाएगा।

-महाबीर बरेठ,
प्रभारी, धान खरीदी केंद्र सिवनी

# यातायात नियमों का उल्लंघन, एक ही दिन काटे गए 96 वाहन चालकों के चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात पुलिस द्वारा बलौदा थाना क्षेत्र से गुजरने वाले निर्माणाधीन भारतमाला मार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाते हुए एक ही दिन में 96 वाहन चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

यातायात पुलिस ने निर्माणाधीन भारतमाला मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को दुर्घटनाओं का बड़ा कारण मानते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के परियोजना निदेशक, कोरबा को पत्र भेजा है। पत्र में बलौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन भारतमाला मार्ग पर छोटे और बड़े सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया है। पुलिस का कहना है कि मार्ग का निर्माण कार्य अभी जारी है, जिसके कारण सड़क पर कई स्थानों पर सुरक्षा संबंधी खतरे बने हुए हैं। ऐसे में वाहन चालकों द्वारा इस मार्ग का उपयोग करना दुर्घटनाओं की आशंका को बढ़ा रहा है। इसी वजह से निर्माण कार्य पूरा होने तक मार्ग को आम यातायात के लिए प्रतिबंधित करने की मांग की गई है। विशेष चेकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने भारतमाला मार्ग के विभिन्न स्थानों पर जांच चौकियां स्थापित कर वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान यातायात उल्लंघन मामले में एक ही दिन में 96 वाहन चालकों पर यातायात अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।



वाहन चालकों पर कार्रवाई करता अमला।

### कटेकोनी छोटे में राशन वितरण में गड़बड़ी, हितग्राहियों ने वितरणकर्ता को हटाने की उठाई मांग

**डभरा।** जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कटेकोनी छोटे में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हितग्राहियों से अंगूठा लगवाने के बावजूद उन्हें राशन नहीं दिया गया, जिससे वे पिछले तीन माह से शासकीय राशन से वंचित हैं।ग्रामीणों के अनुसार जय लक्ष्मी स्व सहायता समूह के नाम पर एक व्यक्ति राशन दुकान का संचालन कर रहा है। आरोप है कि शिकायत करने पर वह ग्रामीणों से अभद्र व्यवहार करता है। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों एवं सुशासन तिहार शिविर में भी की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।इधर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने उक्त समूह को निरस्त कर राशन दुकान का संचालन ग्राम पंचायत को सौंपने का प्रस्ताव पारित किया है।इस संबंध में खाद्य निरीक्षक अविनाश पटेल ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# राइस मिल में चोरों का धावा, 50 कट्टी धान पार, 8 चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- 65 कट्टी धान के साथ ही पिकअप वाहन जब्त

रात के अंधेरे में राइस मिल में धावा बोलकर चोरों ने 50 कट्टी धान पार कर दिया। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 8 चोरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक पिकअप, स्कूटी, मोटरसाइकिल और 21 हजार रुपये नकद बरामद किया गया है।

जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित सिद्धि विनायक राइस मिल में 14 जून की रात लगभग 9 बजे चौकीदार भोजन करने मुख्य गेट की ओर गया था। इसी दौरान चोरों ने पीछे की फेंसिंग काटकर मिल परिसर में प्रवेश किया और धान की बोरियां पार कर दीं। कुछ देर बाद चेकिंग के दौरान चौकीदार ने फेंसिंग के बाहर खेत में धान की बोरियां और बिखरा हुआ धान देखा, जिसके बाद तत्काल मिल मालिक को सूचना दी। अगले दिन जांच में 50 कट्टी धान गायब पाया गया। ऋषि सिंह की रिपोर्ट पर थाना पामगढ़ में अपराध दर्ज किया गया। मुखबिरों की मदद से पुलिस ने अकलतरा और चंडीपारा में दबिश देकर महज 24 घंटे के भीतर 8 आरोपियों को पकड़ा, जिसको कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। उनकी निशानदेही पर अकलतरा स्थित एक राइस मिल से 65 कट्टी धान बरामद किया गया। साथ ही एक पिकअप वाहन, स्कूटी, मोटरसाइकिल और 21 हजार नकद बरामद किया गया। पुलिस ने चंडीपारा पामगढ़ निवासी राजा लहरे (26 वर्ष), राकेश कुमार साहू (36 वर्ष), अकलतरा निवासी रामकुमार भार्गव (28 वर्ष), कन्हैया सिन्हा उर्फ लाला (26 वर्ष), बीर सिंह बंजारे (24 वर्ष), अजय पाटले (24 वर्ष), लक्ष्मी कुमार सिन्हा (24 वर्ष), शैलेष राय (26 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।कार्यवाही में थाना प्रभारी पामगढ सावन सारथी, सहायक उप निरीक्षक संतोष बंजारे प्रधान आर राजेश कोसले, मंजू सिंह आरक्षक श्याम ओग्रे, चंद्रशेखर कैवर्त्य, विनोद मनहर, लव मांझी, चंद्रशेखर प्रधान व थाना पामगढ स्टाफ का योगदान रहा।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी व जब्त सामान।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा में योगदान दिया है वह आवेदन ऑनलाइन कर सकते है।

# शिक्षा सत्र के पहले दिन डीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरारी-अकलतरा



निरीक्षण के दौरान बच्चों से चर्चा करते डीईओ।

अकलतरा विकासखंड के अंतर्गत स्थित देवकिरारी हायर सेकण्ड्री स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी ने औचक निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य अंजूला सोनी सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकण्ड्री कक्षाओं का भ्रमण कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का आकलन किया। कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान, गणित एवं अन्य विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अधिकांश प्रश्नों के सही उत्तर देकर अपनी तैयारी और अध्ययन स्तर का परिचय दिया। वहीं प्राथमिक शाला के बच्चों से गणित के सरल एवं बुनियादी सवाल पूछे गए, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। विद्यार्थियों की सक्रियता एवं सीखने की क्षमता को देखकर अधिकारियों ने उनकी सराहना की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने कक्षाओं की साफ-सफाई, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन की व्यवस्था तथा शैक्षणिक वातावरण का निरीक्षण किया। विद्यालय में सभी शिक्षक निर्धारित समय पर अपने कार्यस्थल पर उपस्थित पाए गए तथा नियमित रूप से शैक्षणिक कार्य संपादित करते मिले। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई पाठ्यपुस्तकों की स्थिति एवं बुक स्कैनिंग कार्य का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर शिक्षक अनुभव तिवारी, गोपेश पटेल, सुभाष कश्यप, करुणा यादव, सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

टेपनल की बदइंतजामी से नागरिक परेशान, बना रहे आंदोलन का मूड

# भीषण गर्मी में टेम्पल सिटी में गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

भीषण गर्मी के बीच नगर की सार्वजनिक जल प्रदाय व्यवस्था चरमराने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर में टेपनल के माध्यम से होने वाली जलापूर्ति अनियमित हो गई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इधर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने पर नागरिकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार पहले सुबह 7 बजे से लगभग 8:30 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 5 बजे तक नियमित रूप से पानी की आपूर्ति होती थी। वर्तमान में स्थिति यह है कि सुबह 8 बजे तक भी कई स्थानों पर पानी नहीं पहुंचता और यदि पानी आता भी है तो मात्र 10 से 30 मिनट तक ही उपलब्ध रहता है। पानी का दबाव भी बेहद कम रहता है, जिससे लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी भरने में कठिनाई होती है। नगर के वार्ड क्रमांक 9 में तो पिछले चार-पांच दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बाधित होने की शिकायत सामने आई है। इससे प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक स्त्रोतों से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। नागरिकों का कहना है कि जलापूर्ति की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। लोगों का आरोप है कि यह समस्या पिछले एक वर्ष से अधिक समय से बनी हुई है, लेकिन इसके समाधान के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए हैं। विशेष बात यह है कि शिवरीनारायण महानदी के तट पर स्थित नगर है, इसके बावजूद यहां पेयजल संकट गहराना नागरिकों के लिए विडंबना बन गया है। टेपनल पर निर्भर बड़ी आबादी रोजाना जल संकट झेलने को मजबूर है। नगरवासियों ने जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि गर्मी के मौसम में पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए जलापूर्ति व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए। वहीं नागरिकों का आरोप है कि जनसरोकार से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखा रहे हैं। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए विवश होंगे।



सूखी पड़ी नल की टोटी।

## खबर संक्षेप



### जेसीआई और रेड क्रॉस सोसाइटी का रक्तदान शिविर संपन्न

**कोरबा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जेसीआई सेंट्रल द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में एमजेएम हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम सिंह अग्रवाल चेयरमैन, रेड क्रॉस सोसायटी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश जैन अध्यक्ष, जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, राजेश बागड़िया एवं अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने रक्तदान को जीवनदान की संज्ञा देते हुए समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति से नियमित रक्तदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ प्रिंस जैन ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा निःस्वार्थ कार्य है जो अनेक लोगों के जीवन में नई आशा का संचार करता है। एमजेएम हॉस्पिटल की टीम, रेड क्रॉस सोसायटी एवं सभी रक्तदाताओं के सहयोग से शिविर संपन्न हुआ। अंत में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा उपहार स्वरूप पानी की स्टील बोतल प्रदान कर सम्मानित किया गया। अभिषेक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, त्रिलोकी नाथ बजाज, अभिषेक अग्रवाल, प्रेम मदान, हर्ष गुप्ता, आयुष अग्रवाल, डॉ. सरफराज खान, कपिल विश्वकर्मा, प्रवेश अग्रवाल, राहुल सिंघल, साजन अग्रवाल, रोहित असरानी, अंश अग्रवाल, पलाश रेलवानी, अभय अग्रवाल, अंकित अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

### वित्तीय शिक्षा, निवेश और धन प्रबंधन से जुड़ी जानकारी देना मेरा उद्देश्य : जसमीत



**कोरबा।** जसमीत सिंह छाबड़ा ने सोमवार को तिलक भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें टॉपनॉच फाउंडेशन द्वारा 21 मई को नई दिल्ली स्थित होटल शांगरी-ला इरोस में आयोजित समारोह में सरदार पटेल एकता पुरस्कार 2026 प्रदान किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा एवं व्यापार क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करना था। समारोह में कोरबा एवं रायपुर से जुड़े वित्तीय शिक्षाविद एवं पर्सनल फाइनेंस कोच जसमीत सिंह छाबड़ा को वित्तीय जागरूकता और व्यक्तिगत वित्त शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मोस्ट आउटस्टैंडिंग पर्सनल फाइनेंस कोच श्रेणी में सरदार पटेल राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री छाबड़ा ने बताया कि पिछले 22 वर्षों से बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा) क्षेत्र में एक वरिष्ठ कॉर्पोरेट प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे पिछले दो वर्षों से जसमीत छाबड़ा फाइनेंस नाम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय है।

### भाषण, पेंटिंग, रंगोली एवं पौष्टिक आहार प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला के पाली मंडल में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा पाली मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर महिलाओं के लिए भाषण, पेंटिंग, रंगोली एवं पौष्टिक आहार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा और सामाजिक जागरूकता का परिचय दिया। प्रतिभागियों ने रंगोली और पेंटिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागी बहनों के उत्साह और योगदान की सराहना की गई।

## अब तक नहीं हुई है कोई ठोस कार्रवाई

# वेतन मांगने पर ठेका कर्मचारियों को दी धमकी, ठेकेदार के खिलाफ खोला मोर्चा



प्रदर्शन करते हुए ठेका श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम स्थित 210 गुना 4 ताप विद्युत संयंत्र में कार्यरत ठेका कर्मचारियों और ठेकेदार के बीच विवाद गहराता जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा वेतन और अन्य समस्याओं को लेकर आवाज उठाने के बाद अब मामला खुलकर सामने आ गया है। कर्मचारियों ने ठेकेदार पर धमकी, प्रताड़ना और दबाव बनाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मुख्य अभियंता सहित संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत भी सौंपी गई है। शिकायत में कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि लगभग 10 वर्षों से संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन की मांग करने पर काम से निकालने, स्थानांतरण करने तथा मानसिक दबाव बनाने की धमकी दी जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से वे अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रख रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी बीच ठेकेदार का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह अपनी सफाई देते हुए और पूरे मामले पर अपना पक्ष रखते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। एक ओर कर्मचारी ठेकेदार पर शोषण और प्रताड़ना के आरोप लगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ठेकेदार अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बता रहा है। नाराज कर्मचारियों का कहना है कि यदि 72 घंटे के भीतर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। फिलहाल मामले को लेकर संयंत्र परिसर में चर्चा का माहौल है और सभी की नजरें प्रबंधन एवं अधिकारियों की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। दोनों पक्षों के वीडियो और शिकायत सामने आने के बाद जांच और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

### अस्पताल में कार्यरत ठेका कर्मियों नर्स ने किया धरना प्रदर्शन



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा-पश्चिम के चिकित्सालय में मेसर्स के अंतर्गत जो ठेका श्रमिक कार्यरत है उनके द्वारा भारतीय संविदा मजदूर संघ कोरबा पश्चिम को लिखित में शिकायत प्राप्त हुआ है कि उक्त ठेकेदार द्वारा आज तक ईएसआईसी, ईपीएफ एवं शासन द्वारा निर्धारित वेतन प्रदान नहीं किया जा रहा है। इस विषय में पूर्व में भी संघ द्वारा आपको अवगत कराया गया था, परंतु आज तक समस्या निरंतर बनी हुई है। संघ द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सभी समस्याओं का निराकरण नहीं होता है तो 15 जून से कामबंद आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी।

## धूल प्रदूषण और जल संरक्षण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



चक्काजाम करते ग्रामीण।

रेलवे साइडिंग से उड़ रही धूल और डस्ट प्रदूषण, खोलार नदी में स्टॉप डेम निर्माण नहीं होने तथा अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर पंखा दफाई एवं सुराकछार के रहवासियों ने सोमवार को बांकीमोंगरा-कोरबा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। पार्षद प्रेम कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि हर वर्ष एसईसीएल द्वारा खोलार नदी में स्टॉप डेम बनाकर पानी का संरक्षण किया जाता रहा है, लेकिन इस वर्ष ऐसा नहीं किए जाने से क्षेत्र में जल संकट की आशंका बढ़ गई है। वहीं रेलवे साइडिंग से लगातार उड़ने वाली धूल के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ चक्का जाम दोपहर 1 बजे तक चला। करीब 4 घंटे तक मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित रही, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में दर्री तहसीलदार, बांकी मोंगरा थाना प्रभारी, रेलवे के अधिकारियों एवं एसईसीएल के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और उनकी मांगों पर लिखित आश्वासन दिया। अधिकारियों ने 17 तारीख तक समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया, जिसके बाद आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त कर दिया गया।

## कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भूविस्थापितों के विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्टोरेट का घेराव करने के लिए कूच किया, जहां कोसाबाड़ी चौक में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित भूविस्थापितों ने जिला प्रशासन के अफसरों को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस व प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था थी।

**खास बात**

- पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित कांग्रेसी हुए रैली में शामिल

विभिन्न मांगों को लेकर भूविस्थापितों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए रैली निकाली गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि एसईसीएल मानिकपुर परियोजना के अंतर्गत आने वाले ग्राम भिलाई खुर्द एवं रापाखर्रा सहित आसपास के प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामवासी, भू-विस्थापित एवं श्रमिक लंबे समय से गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं जिसमें मुख्य रुप से मानिकपुर ओसीएम के परित्यक्त क्षेत्रों में की जा रही राखड़ डंपिंग से आसपास के गांवों में गंभीर प्रदूषण फैल रहा है। बरसात एवं तेज हवाओं के दौरान राखड़ उड़कर घरों, खाद्य पदार्थों एवं पेयजल स्रोतों को दूषित करती है। मानिकपुर परियोजना के कारण प्रभावित एवं भू-विस्थापित परिवारों को मानिकपुर माइंस की वर्तमान एवं भविष्य की सभी ठेका कंपनियों में रोजगार प्रदान करने हेतु प्राथमिकता सुनिश्चित की जाए। जिन परिवारों ने अपनी कृषि भूमि एवं आजीविका के साधन खोए हैं, उन्हें रोजगार से वंचित रखना सामाजिक न्याय एवं पुनर्वास की भावना के विपरीत है। रोजगार के अवसरों में स्थानीय भू-विस्थापितों को प्राथमिक अधिकार प्रदान किया जाए। कई ठेका मजदूरों द्वारा शिकायत की गई है कि उन्हें निर्धारित एचपीसी रेट के अनुसार भुगतान नहीं किया जाता। श्रमिकों के श्रम का उचित मूल्य सुनिश्चित करना प्रशासन एवं नियोक्ता दोनों का दायित्व है। अतः सभी ठेका कंपनियों के भुगतान अभिलेखों की जांच कर नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। नकद भुगतान की स्थिति में पीएफ, ईएसआई एवं अन्य वैधानिक लाभों में अनियमितता की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा विभिन्न ठेका कंपनियों की जांच कराने शिकायत प्राप्त हुई है। मानिकपुर परियोजना क्षेत्र में भविष्य में कार्यरत होने वाली सभी ठेका कंपनियों में स्थानीय प्रभावित एवं भू-विस्थापित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार प्रदान करने की नीति लागू की जाए। प्रदूषण की स्वतंत्र जांच एवं नियंत्रण उपाय, सीएसआर एवं डीएमएफ फंड से प्रभावित गांवों का विकास प्राथमिकता से कराने मांग की गई है। रैली एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## तालाब में सफाई के लिए उतरा ग्रामीण, जलकुंभी में फंसने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी स्थित गणेश तालाब में सोमवार को तालाब में जलकुंभी हटाने उतरे 50 साल के ग्रामीण श्यामलाल सारथी की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और गोताखोरों की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया।

पंचायत की ओर से छुरी गणेश तालाब की सफाई का काम ठेके पर दिया गया था। श्यामलाल सारथी अपने पांच अन्य साथियों के साथ तालाब में सफाई के लिए उतरा था। सफाई करते हुए श्यामलाल तालाब के बीच वाले हिस्से तक पहुंच गया, जहां जलकुंभी और कीचड़ काफी घना था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह घनी जलकुंभी में उलझ गया। उसके साथियों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन गहराई और फिसलन के कारण वह पानी में समा गया। हादसे के तुरंत बाद साथियों ने शोर मचाकर ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कोरबा से गोताखोरों की टीम बुलाई गई।



मृतक के शव को निकालते रेस्क्यू टीम के सदस्य।

लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने तालाब के बीच से श्यामलाल का शव बरामद किया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच की जा रही है।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनकी निवासी अजय कश्यप 35 वर्ष पिता अवधराम कश्यप सोमवार को अपने गांव के समीप स्थित तालाब में नहाने गया था जहां नहाने के दौरान वह गहरे पानी में समा गया जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से तालाब से बाहर निकाला गया और उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### भाजपा नेता की बेरहमी से पिटाई जिपं सदस्य सहित तीन गिरफ्तार

**कोरबा।** पुरानी रंजिश को लेकर रिस्दी रोड में भाजपा नेता की जिला पंचायत सदस्य ने अपने साथियों के साथ बेरहमी से पिटाई कर उसके दोनों पैर को तोड़ दिया गया है। वारदात के सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आयी और पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले जिला पंचायत सदस्य सहित तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवबालक सिंह तोमर व उसके भतीजे के बीच जिला पंचायत सदस्य रज्जाक अली का पुराना विवाद चला आ रहा था। बताया जाता है शिव बालक सिंह तोमर सोमवार की लगभग 12 बजे रिस्दी रोड स्थित जेल के समीप पहुंचा हुआ था इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रज्जाक अली अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और पुराने विवाद को लेकर शिव बालक सिंह तोमर की ताबड़ तोड़ पिटाई शुरु कर दी। इस हमले में हमलावरों ने स्टील रॉड से वार कर तोमर के दोनों पैर (घुटने के नीचे से) तोड़ दिए। गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन सहित भाजपा नेता बड़ी संख्या में मेडिकल अस्पताल पहुंचे हुए थे। मामला सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आयी और चंद घंटों के भीतर पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य रज्जाक अली सहित तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। जिनके खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

## जिस संस्था में पदस्थ हैं वहीं मिलेगा अनुभव पर अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानदेय शिक्षक के पद पर भर्ती के लिए इस वर्ष अनुभव का अंक लाभ पुराने अभ्यर्थियों को उसी संस्था में आवेदन देने से मिलेगा, जिस संस्था में वह मानदेय दर पर पदस्थ रहे हैं। बीते वर्ष सभी स्थानों में अनुभव अंक लाभ लिए जाने से विषम स्थिति निर्मित हो गई थी।

मानदेय शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया 30 जून तक पूरी कर ली जाएगी। जिसकी तैयारी शिक्षा विभाग के द्वारा कर ली गई है। इसके लिए पंचायत स्तर पर भी आवेदन लिए जाएंगे। मेरिट के आधार पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बीते वर्ष भर्ती की प्रक्रिया के दौरान पुराने अभ्यर्थियों को जिले के सभी शिक्षण संस्थाओं में आवेदन देने से उनको अनुभव का अंक का लाभ दिया गया था। इस वर्ष इस नियम को बदलकर नए नियम को जोड़ा गया है। अब पुराने अभ्यर्थियों को भी आवेदन देना होगा, और उन्हें अनुभव अंक लाभ उसी संस्था में मिलेगा, जिस संस्था में वह बीते शिक्षण सत्र में मानदेय दर पर पदस्थ रहकर अपनी सेवाएं दी है। अंकों के आधार पर होने वाली इस भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को पुनः संस्था में ही आवेदन देना होगा। इसी तरह नए अभ्यर्थियों को भी संस्था में ही आवेदन देने के निर्देश दिए गए हैं।

**खास बातें**

- बीते वर्ष सभी स्थानों में अनुभव का लाभ मिलने से उत्पन्न हुई थी विषम स्थिति

जाँजगीर मार्केट

फनीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक / 39 / तह. / वा. / 26
शि.ना., दिनांक 11.06.2026
प्र.क्र. / स- 131 / 2026
ग्राम -कोटिया प.ह.नं. 11
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक सुद्धु सतनामी पिता प्रहलाद सतनामी जाति सतनामी निवासी नवागढ़ तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनके दादी कोंदी बाई पति मयाराम का मृत्यु दिनांक 10.12.2007 को ग्राम कोटिया तहसील शिवरीनारायण में हुआ पर भूलवश मृत्यू पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 26.06.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 11.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
शिवरीनारायण

## एएसआई के पुत्र की हत्या के मामले में आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

एएसआई के पुत्र पर गाड़ी चढ़ाकर उसे मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जबकि घटना में इस्तेमाल की गई बोलेरो वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी निवासी यातायात थाना में पदस्थ सउनि रामनारायण रात्रे का पुत्र चंद्रमणी रात्रे उर्फ दादू अपने दोस्त शुभम सिंह बघेल और साहिल निर्मलकर और अरविंद राठौर के साथ 6 जून की रात लगभग 1.28 बजे मानिकपुर चौकी क्षेत्र के बाइपास रोड पर पहुंचे थे कि इसी दौरान बोलेरो वाहन में सवार कुछ युवक पहुंचे और इस दौरान साइड को देने को लेकर उनके मध्य विवाद हुआ और बोलेरो वाहन में सवार युवकों ने सउनि के पुत्र चंद्रमणी रात्रे पर बोलेरो वाहन चढ़ा दी और मौके से भाग निकले थे। जिसके उपरांत चंद्रमणी का रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 109, 103(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस की अलग अलग टीम गठित की गई। पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास करते हुए घटना से संबंधित 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तथा सौ से अधिक लोगों से पूछताछ की गई। विवेचना के दौरान पड़ोसी जिला सक्ति के हामु कुसमुंडा निवासी राजेन्द्र साहू उर्फ कुनाल साहू पिता लक्ष्मी प्रसाद साहू उम्र 22 वर्ष की संलिप्तता सामने आने के बाद पूछताछ में आरोपी द्वारा अपने साथी योगेन्द्र बघेल उर्फ योगी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया।

TOP IN JANJGIR

N-S-D-C National Skill Development Corporation
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leda's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो. 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# एआई-171 हादसे की दर्दनाक कहानी पर्दे पर उतारेंगे मिलन

**मुंबई।** एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के क्रैश में अपनी बड़ी बहन को खोने वाले निर्माता ने इस हादसे पर आधारित एक फीचर फिल्म बनाने की योजना पर बात की। उन्होंने इसे अपना निजी मिशन बताया है। उनका कहना है कि यह उनके कॅरियर का आखिरी प्रोजेक्ट हो सकता है। मूल रूप से हरियाणा के कुरुक्षेत्र के रहने वाले और वड़ोदरा में काम करने वाले फिल्ममेकर मिलन शर्मा बताया कि पिछले साल 12 जून को हुए इस क्रैश के कुछ ही दिनों बाद उन्होंने यह फिल्म बनाने का फैसला किया था। उन्होंने भारत के सबसे भयानक एविएशन हादसों में से एक में अपने रिश्तेदारों को खोने वाले परिवारों का दुख देखा था। इस हादसे में मिलन ने अपनी 56 साल की बहन अंजू शर्मा को खो दिया।

## लाइफ Style



# मृणाल
## शिकागो की सड़कों पर सैर करती आईं नजर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'है जवानी तो इश्क होना है' की चर्चा के बीच मृणाल ठाकुर अमेरिका के शिकागो गई हैं। यहां से उन्होंने अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी नई फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' को लेकर चर्चा में हैं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ठीक ठाक कमाई कर रही है।

इस बीच मृणाल ठाकुर शिकागो की सैर पर गई हैं। यहां से उन्होंने अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं। मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि उन्होंने शिकागो की सड़कों पर पोज दिए हैं। उन्होंने अलग-अलग आउटफिट भी पहने हैं। यही नहीं उन्होंने यहां से वर्कआउट करते हुए भी तस्वीर शेयर की है। तस्वीरें शेयर करते हुए मृणाल ठाकुर ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'बैग पैक कर रही हूं और इस शहर को गुड बाय कह रही हूं। ये वाकई जानलेवा है।' इसके साथ उन्होंने रोने वाला और दिल टूटने वाला इमोजी भी लगाया है। फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' 5 जून को रिलीज हुई है। इसके निर्देशक डेविड धवन हैं। इसे टिप्स फिल्म्स और मैक्सिमिलियन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इसमें मृणाल ठाकुर के अलावा वरुण धवन और पूजा हेगड़े अहम किरदारों में हैं। मुख्य कलाकारों के अलावा इसमें सहायक कलाकारों में मौनी रॉय, चंकी पांडे, राकेश बेदी, कुब्रा सैत और अन्य शामिल हैं। फिल्म की कहानी जस (वरुण धवन) के इर्द-गिर्द घूमती है। वह अपनी पत्नी बानी (मृणाल ठाकुर) से इसलिए तलाक लेने की कोशिश करता है क्योंकि वह बच्चा चाहता है।

## हॉलीवुड मसाला



# रिलीज से पहले भारत में मारेगा एंट्री

**नई दिल्ली।** अभिनेता टॉम हॉलैंड की अपकमिंग फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' को लेकर भी भारत में काफी क्रेज नजर आ रहा है। इस बीच 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के मेकर्स की तरफ से सुपर हीरो मूवी की इंडिया रिलीज को लेकर बड़ा दांव खेला है। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया ने ये कन्फर्म किया है कि टॉम हॉलैंड स्टारर 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' भारत में 30 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। जो फिल्म की ऑफिशियल रिलीज डेट 31 जुलाई से एक दिन पहले है।



# दो बच्चे होने के बाद सिंगर पेरी ने की एलेक्स से शादी

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर पेरी एडवर्ड्स और उनके फुटबॉलर बॉयफ्रेंड एलेक्स ऑक्सलेड-चेम्बरलेन ने लगभग एक दशक तक साथ रहने के बाद पुर्तगाल में शादी कर ली। यह शादी शनिवार को फारो में हुई। इसमें परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए। यह खबर इस जोड़े के दूसरे बच्चे के जन्म के कुछ ही महीनों बाद आई। उनकी बेटी एलैनिस वेलेंटाइन का जन्म जनवरी 2026 में हुआ था। इस जोड़े का एक बेटा एक्सल भी है, जिसका जन्म अगस्त 2021 में हुआ था। एडवर्ड्स ने फूलों की डिजाइन वाला लंबी आस्तीन का सफेद वेडिंग गाउन पहना था। ऑक्सलेड-चेम्बरलेन ने क्लासिक काला टक्सीडो पहना था। इस जोड़े ने जानबूझकर अपनी शादी की योजना को इस साल की शुरुआत में अपनी बेटी के जन्म के बाद तक के लिए टाल दिया था। समारोह के बाद, एडवर्ड्स को ऑक्सलेड-चैंबरलेन के साथ हाथ में हाथ डाले चर्च से निकलते हुए देखा गया।



# साइबर क्राइम केस में उलझे अरशद


**मुंबई।** राजकुमार हिरानी बड़े पर्दे से निकलकर ओटीटी पर आ चुके हैं। बतौर क्रिएटर उनकी सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अरशद वारसी, वीर हिरानी और विक्रांत मैसी के अनोखे किरदार सीरीज में नजर आएंगे। यह सीरीज 3 जुलाई को जीयो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। अरशद वारसी अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाते हैं, जल्द ही सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' में उनका ऐसा ही अंदाज नजर आएगा। लेकिन, इस बार कॉमेडी के साथ साइबर क्राइम की कहानी भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। इस सीरीज के क्रिएटर निर्देशक राजकुमार हिरानी हैं। सीरीज में कई नामी बॉलीवुड एक्टर्स भी नजर आएंगे। ट्रेलर में दिखाया गया है कि अरशद वारसी गोवा में रहते हैं। वह क्राइम ब्रांच में पुलिस ऑफिसर हैं। लेकिन, अचानक उनका ट्रांसफर साइबर क्राइम डिपार्टमेंट में हो जाता है।



# धमाल-4 का गाना फुलौरी बिना... रिलीज

**मुंबई।** अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, अंजलि आनंद, अजय देवगन और रवि किशन से सजी फिल्म 'धमाल 4' का पहला गाना 'फुलौरी बिना चटनी कैसे बनी' रिलीज हो गया है। इसे नीलकमल सिंह ने गाया है। इस गाने में शानदार बीट्स और थिरकने पर मजबूर कर देने वाले रिदम हैं, जो इसे फिल्म की हंसी-मजाक और मस्ती भरी दुनिया के लिए एकदम सही बनाते हैं। यह गाना कलाकारों की मजेदार केमिस्ट्री और 'धमाल' फ्रैंचाइजी की खास पहचान बन चुकी मस्ती-मजाक को बखूबी दिखाता है। अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, अंजलि आनंद, अजय देवगन और रवि किशन जैसे कलाकारों वाले इस गाने में ढेर सारे मजेदार पल हैं, और रवि किशन इस जबरदस्त गाने में अपने खास भोजपुरी अंदाज का तड़का लगाते हैं।

## टीवी मसाला



# लॉक अप 2 में शिवांगी, शिल्पा, आसिम कुशा सहित 12 नामों पर ठप्पा!

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के डिजिटल रियलिटी शो 'लॉक अप' का प्रीमियर सबसे पहले 2022 में ऑल्ट बालाजी पर हुआ था, जिसमें 16 विवादित कंटेस्टेंट्स को जेल जैसे सेट पर 72 दिनों के लिए बंद किया गया था। पहले सीजन को कंगना रनौत ने होस्ट किया था और कॉमेडियन से एक्टर बने मुनव्वर फारूकी इसके विनर बने थे। चार साल बाद, इस शो का दूसरा सीजन 27 जून को नेटफ्लिक्स पर शुरू होने के लिए तैयार है। नए सीजन को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट करेंगे। इस सीजन के संभावित कंटेस्टेंट्स को लेकर बढ़ती चर्चाओं के बीच कुछ नामों की पुष्टि हो चुकी है। इस साल 'लॉक अप' सीजन 2 में 14 सेलिब्रिटीज शामिल होंगे। शो के प्रोमो के मुताबिक, कंटेस्टेंट्स सर्वाइवल के लिए मुकाबला करेंगे और अपने सबसे गहरे राज भी खोलेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शो के लिए गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा, पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस शिवांगी जोशी और एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे का नाम कन्फर्म हो गया है। 'लॉक अप' सीजन 2 में जिन दूसरे कंटेस्टेंट्स के शामिल होने की खबर पक्की है, उनमें 'स्प्लिट्सविला' के कंटेस्टेंट्स योगेश रावत और आकांक्षा चौधरी, और बिग बॉस के पुराने कंटेस्टेंट्स प्रियंका शर्मा, विकास गुप्ता, रश्मि देसाई, पुनीत सुपरस्टार, अर्चना गौतम, उर्वशी ढोलकिया, प्रणीत मोरे, आसिम रियाज, कुशा कपिला और हर्षद चोपड़ा शामिल हैं। 'लॉक अप' सीजन 2 के प्रोमो में, होस्ट फराह खान ने इशारा किया कि कंटेस्टेंट्स में एक ऐसा सेलिब्रिटी शामिल होगा जिसने हाल ही में अपना वजन काफी कम किया है। इसके बाद, ऐसी खबरें आईं कि एक्टर राम कपूर इस रियलिटी शो में शामिल हो सकते हैं।

## कनिका ने एकता को कहा 'मदर ऑफ ड्रैगन'

**नई दिल्ली।** लगभग छह महीने तक दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद 'नागिन 7' खत्म हो गया है। शो के खत्म होने पर, स्टार कास्ट ने सोशल मीडिया पर इमोशनल पोस्ट शेयर किए।



राधिका का किरदार निभाने वाली कनिका मान ने शो के खत्म होने पर रोते हुए अपना एक इमोशनल वीडियो शेयर किया। पोस्ट में लिखा था, 'राधिका अब विदा ले रही है। लेकिन ड्रैगन कभी सच में नहीं मरते। चैनल, मेरी सबसे पसंदीदा एकता कपूर, पूरी टीम और उन सभी लोगों का शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। एकता कपूर ने पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए कहा, 'मुझे यकीन नहीं हो रहा कि ड्रैगन रो रहा है। आग उगलने वाला ड्रैगन तो कमाल का है ही, लेकिन इमोशनल ड्रैगन ने तो हमें हैरान कर दिया। आपकी परफॉर्मेंस एक खोज की तरह रही है।' इसके बाद कनिका मान ने एकता के कमेंट का जवाब देते हुए कहा, 'माफ कीजिएगा, 'मदर ऑफ ड्रैगन्स'।

# पेद्दी के शानदार प्रदर्शन की वजह से टली लेनिन की रिलीज...



**मुंबई।** अखिल अक्किनेनी की आने वाली फिल्म लेनिन पहले 26 जून को सिनेमाघरों में आने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ा दिया गया है। मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। इस बार फिल्म टालने की सबसे बड़ी वजह राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' का शानदार प्रदर्शन बताया जा रहा है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है और दुनियाभर में लगभग 400 करोड़ रुपए के करीब पहुंच रही है। मेकर्स का कहना है कि 'पेद्दी' अभी सिनेमाघरों में अच्छा चल रही है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा स्क्रीन उसी को मिल रही हैं। ऐसे में 'लेनिन' को थोड़ा आगे बढ़ाना सही फैसला लगा। अखिल अक्किनेनी की मच अवेटेड फिल्म लेनिन का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। लेकिन मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट को फिर से आगे बढ़ा दिया है। अब फिल्म 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके साथ मेकर्स ने वजह का भी खुलासा किया है। फिल्म के प्रोड्यूसर नागार्जुन ने एक्स पर नई रिलीज डेट का ऐलान करते हुए लिखा कि टीम ने उनसे थोड़ा और समय मांगा था ताकि फिल्म को और बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने लिखा, 'लेनिन की टीम मेरे पास आई और कहा कि उन्हें फिल्म को 100% देने के लिए थोड़ा और वक्त चाहिए। उनके जुनून को देखकर मैंने हां कर दी। हमारा लड़का 10 जुलाई को आ रहा है। इस बार आपको एक नया अखिल देखने को मिलेगा। इस फिल्म को डायरेक्टर मुरली किशोर अब्बुरु ने बनाया है, जिसमें भाग्यश्री बोरसे फीमेल लीड में हैं। फिल्म को नागार्जुन और सूर्यदेवरा नागा वंशी ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। अब तक रिलीज हुए पोस्टर्स और गानों ने दर्शकों के बीच अच्छी उत्सुकता पैदा कर दी है। मेकर्स का मानना है कि रिलीज डेट आगे बढ़ाने से फिल्म को और बेहतर तरीके से पेश किया जा सकेगा। अब 10 जुलाई को 'लेनिनकी रिलीज का इंतजार और भी बढ़ गया है, और फैंस को उम्मीद है कि उन्हें एक नया और अलग अंदाज में अखिल देखने को मिलेगा।

# महेश की फिल्म नाम-टू लिव इज वॉर का ऐलान, अहम भूमिका में नजर आएंगे वीर



**मुंबई।** फिल्म 'नाम-टू लिव इज वॉर' का एलान कर दिया गया है। इसमें वीर पहाड़िया अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को दिग्गज निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट पेश कर रहे हैं। वहीं, निर्देशन की कमान सिद्धांत सचदेव के कंधों पर है। फिल्म में वरुण शर्मा भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। अभिनेता वरुण शर्मा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें महेश भट्ट, सिद्धांत सचदेव और वीर पहाड़िया नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'जब शहर बीमार हो जाए, तो दवा और जहर में फर्क करना मुश्किल हो जाता है'। आगे लिखा है, 'नाम - टू लिव इज वॉर' यह फिल्म निश्चित रूप से एक रोमांचक होने वाली है। महेश भट्ट सर के मार्गदर्शन में बनी इस फिल्म का निर्देशन सिद्धांत सचदेव ने किया है। वहीं इसे रिद्धि चावड़ा और उत्सव उपाध्याय ने प्रोड्यूस किया है। एक पोस्ट वीर पहाड़िया ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया है। वीर ने लिखा है, 'कहते हैं सबसे छोटा जीव भी सबसे बड़ी शक्ति का प्रमाण होता है। जब बप्पा का आशीर्वाद साथ हो, तो हर 'नाम' एक तूफान होता है। गणपति बाप्पा मोरया'। 'नाम' एक डार्क एक्शन थ्रिलर फिल्म बताई जा रही है। इसमें वीर दमदार और रफ-टफ अवतार में नजर आने वाले हैं। निर्देशक सिद्धांत सचदेव ने लिखा है, 'कुछ नाम विरासत में मिलते हैं। कुछ नाम जंग लड़कर कमाने पड़ते हैं। महेश भट्ट सर के मार्गदर्शन और देखरेख में इस सफर को शुरू करने का सौभाग्य मिला है। वीर पहाड़िया और वरुण शर्मा के साथ मिलकर इस दमदार कहानी को पर्दे पर उतारने के लिए उत्साहित हूं।

## दृश्यम 3 से ठुकरा के मेरा प्यार 2 तक, जमकर होगा मनोरंजन

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*__नई दिल्ली।__ बीते सप्ताह ओटीटी पर कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। सिनेमाघरों में भी बहार रही। इस वीक भी थिएटर्स में 'कॉकटेल 2' सहित कई फिल्में दस्तक देंगी। मगर, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी खूब माहौल जमने वाला है। इस वीक ओटीटी के पिटारे में कई रोचक फिल्में और सीरीज हैं।*

**दृश्यम 3 :** मोहनलाल की फिल्म 'दृश्यम 3' इस वीक ओटीटी पर रिलीज होगी। यह फिल्म 21 मई 2026 को सिनेमाघरों में आई थी। थिएटर्स में दर्शकों ने इसे हाथोंहाथ लिया। अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी यह उपस्थिति दर्ज कराने वाली है। फिल्म 'दृश्यम 3' को 18 जून से प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

**आई विल फाइंड यू :** यह रोमांचक क्राइम थ्रिलर मिनी सीरीज है। इस वीक दर्शक इसका लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर सीन हैं। 'आई विल फाइंड यू' को आप 18 जून से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। यह सीरीज हार्लन कोबेन के उपन्यास पर आधारित है। इसमें सैम वर्थिंगटन (डेविड के रूप में) ब्रिट लोअर और मिलो वेंटिमिलिया मुख्य भूमिकाओं में हैं।






**ठुकरा के मेरा प्यार 2 :** वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' का दूसरा सीजन इस वीक दर्शकों के बीच आएगा। इस सीरीज को आप 19 जून से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। इसमें प्यार के साथ-साथ बदले की कहानी भी देखने को मिलेगी। सीरीज में संचिता बसु (शानविका चौहान) और धवल ठाकुर (कुलदीप कुमार) मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**केनाथा कानोम :** यह भी कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसमें योगी बाबू अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म को आप 16 जून से जियोहॉटस्टार पर देख पाएंगे। इसमें योगी बाबू के साथ-साथ लवलिन चन्द्रशेखर और रायचल रबेका अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी रामनाथपुरम के एक सूखे से जूझते गांव पर आधारित है। इसमें बाबू मंदिर के मूर्तिकार का किरदार निभा रहे हैं। गांव में पानी की कमी है और लोग पानी की तलाश में हर जगह भटक रहे हैं। फिल्म की कहानी में कई दिलचस्प मोड़ हैं।

**कलर बुक :** यह फिल्म भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। इसे आप 19 जून से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। यह फैमिली ड्रामा से भरपूर फिल्म है। इसे परिवार के साथ बैठकर देखा जा सकता है।

**अथिराडी :** अगर आपको एक्शन कॉमेडी फिल्मों में दिलचस्पी है तो यह फिल्म आपके लिए है। इस वीक यह मलयालम फिल्म भी ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। यह तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिंदी में उपलब्ध रहेगी। इसे 19 जून से सोनी लिव पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री का सभापति ने किया साल व पुष्पगुच्छ से स्वागत



**जांजगीर-चाम्पा।** जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पोंड़ी (राछा) में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुखियाविष्णु देव साय ने जिलेवासियों को विकास की बड़ी सौगात दी। इस दौरानमुख्यमंत्री ने जिलेवासियों को 295 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 341 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। साथ ही ग्राम पोड़ी (राछा) स्थित सत्य निजनाम बोध संस्थान में आयोजित सत्य निजनाम सत्संग सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पहुंचने के पहले हेलीपेड पर मुख्यमंत्री का जिला पंचायत के सभापति राजकुमार साहू ने पुष्पगुच्छ व कोसे के शाल से उनका स्वागत किया। इस दौरान श्री साहू ने मुख्यमंत्री साय से अपने जिला पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांवो के विकास कार्यो के लिये अनेको मांग किये।

### बिजली दर वृद्धि एवं अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ बिजली ऑफिस का घेराव आज

**जांजगीर-चाम्पा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश की जनता पर लगातार महंगाई का बोझ बढ़ाया जा रहा है । हाल ही में घरेलू बिजली दरों में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी कर गरीब किसान मजदूर गरीब वर्गों की कमर तोड़ने का काम किया है। बिजली दर वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस जनों व विधायकों की उपस्थिति में बिजली ऑफिस की घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक सिद्दीकी ने बताया कि 17 जून बुधवार को दोपहर 2 बजे जिले भर के कांग्रेस जन हॉकी मैदान जांजगीर के पास इकट्ठा होकर बिजली ऑफिस घेराव कर बिजली दरों में किए गए वृद्धि को वापस लेने की मांग करेंगे साथ ही मुख्यमंत्री का पुतला दहन भी किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम में जिले के सभी कांग्रेस जनों से उपस्थिति की अपील किया गया है ।

### वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक संपन्न, स्वास्थ्य और वन भोज पर चर्चा




**अकलतरा।** वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक कुंवर भास्कर सिंह विद्यालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में मां सरस्वती के पूजन एवं वंदन के साथ संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामेन्द्र सिंह चौहान ने की तथा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में बजरंग लाल जायसवाल के जन्मदिन के अवसर पर उनका तिलक लगाकर एवं शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी सदस्यों को मिष्ठान वितरित किया। बैठक में आगामी माह केराचुंआ-दल्हापहाड़ में वन भोज आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई। महेश बनाफर ने जल शुद्धिकरण में जामुन की लकड़ी की उपयोगिता पर जानकारी साझा की तथा रामेन्द्र सिंह चौहान के योग मार्गदर्शन से प्राप्त स्वास्थ्य लाभों का उल्लेख किया। दशरथ नामदेव ने स्वास्थ्य संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने ने मन को नियंत्रित रखने एवं शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए नाड़ी शोधन प्राणायाम और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। वहीं रमेश सोनी ने कविता पाठ कर बैठक के वातावरण को आनंदमय बना दिया।बैठक के अंत में विद्योदय महाविद्यालय के संस्थापक जय कुमार जैन ने सभी सदस्यों को जलपान कराया तथा मंच के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।बैठक में रामेन्द्र सिंह चौहान, जय कुमार जैन, रमेश सोनी, धनाराम साहू, दशरथ नामदेव, महेश बनाफर, घनश्याम राजवाड़े, धारी सिंह, भरत सिंह चंदेल, सरस्वतीलाल वस्त्रकार, गजेन्द्रनाथ सोनी, बजरंग लाल जायसवाल, छेदीलाल शर्मा, ठाकुर राम देवांगन एवं जय कुमार अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### गौ सेवा समिति को दी 5100 रुपए की सहयोग राशि एवं पशु आहार



**बाराद्वार।** जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति बाराद्वार द्वारा गौ सेवा समिति को 51 सौ रुपए का सहयोग राशि दिया। वहीं पशुओं के चारा के लिए पशु आहार भी दिया। समाज और संस्कृति के प्रति सकारात्मक सोच तथा गौ हित के प्रति आपकी निष्ठा वास्तव में प्रेरणादायक है। इस पुण्य कार्य में अपना अमूल्य योगदान देकर आपने न केवल गौ सेवा का समर्थन किया है, बल्कि मानवता और सेवा भाव को भी उजागर किया है।

खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर मार्कफेड प्रबंध संचालक ने ली अधिकारियों की बैठक

# किसानों को जरुरत के समय पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं खाद-बीज : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

किसानों को उनके जरुरत के हिसाब से समय पर खाद-बीज उपलब्ध करानी है। खाद की कालाबाजारी या अधिक कीमत पर बिक्री की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसे लेकर मार्कफेड के प्रबंध संचालक ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए।

ज्ञात हो कि मंगलवार 16 जून को मार्कफेड के प्रबंध संचालक जितेंद्र शुक्ला ने जिले में कृषि आदानों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर जन्मेजय महोबे सहित कृषि, सहकारिता, खाद्य एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान श्री शुक्ला ने अधिकारियों से उर्वरक एवं बीजों के उपलब्ध स्टॉक, भंडारण क्षमता तथा वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को जरूरत के समय पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध होना चाहिए तथा वितरण व्यवस्था ऐसी हो कि किसी भी किसान को परेशानी न हो। उन्होंने उर्वरकों के वितरण पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि खाद की कालाबाजारी या अधिक कीमत पर बिक्री की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही अधिकारियों को फील्ड स्तर पर निरीक्षण करने और वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी खाद के प्रति जागरूक किया जाए।




अधिकारियों की बैठक लेते मार्कफेड प्रबंध संचालक जितेन्द्र शुक्ला, साथ में कलेक्टर।

## किसानों को खाद-बीज के लिए ना हो किसी भी प्रकार की परेशानी



**सक्ती।** आगामी खरीफ फसल सीजन की तैयारियों को लेकर मार्कफेड के प्रबंध संचालक जितेंद्र शुक्ला ने कृषि विभाग एवं संबंधित अधिकारियों की कलेक्टर कार्यालय में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले के किसानों को खाद, बीज की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। किसानों को आवश्यक कृषि आदानों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में उन्होंने जिले में उर्वरकों एवं बीजों के भंडारण की स्थिति, उपलब्ध स्टॉक तथा वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही कृषि विभाग को खाद-बीज वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने तथा किसानों तक समय पर सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए। श्री शुक्ला ने किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं अन्य उन्नत कृषि तकनीकों के उपयोग के प्रति जागरूक करने तथा इनके लाभों का जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कृषि विभाग के उपसंचालक को निर्देशित किया कि भंडारित उर्वरकों का किसानों को समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही डीएपी के विकल्प के रूप में एसएसपी एवं एनपीके उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक किया जाए। उन्होंने संतुलित उर्वरक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग पर बल दिया तथा उर्वरकों के वितरण में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं जिला विपणन अधिकारी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सतत मॉनिटरिंग के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, उप संचालक कृषि तरुण प्रधान सहित खाद्य अधिकारी, सहकारिता अधिकारी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## विद्युत उपभोक्ता अपने अधिकारों को लेकर रहें जागरूक : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

विद्युत उपभोक्ता अपने अधिकार एवं कर्तव्य को लेकर जागरूक रहे। समय पर बिजली का बिल जमा करें एवं कम से कम बिजली की खपत करें। इसे लेकर पूर्व आईपीएस अधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर चर्चा की। बैठक में उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया, उनके अधिकारों तथा विभागीय व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

- विद्युत उपभोक्ताओं को बताए अधिकार, शिकायत निवारण की प्रक्रिया समझाई

ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ विद्युत उपभोक्ता शिकायत फोरम बिलासपुर के अध्यक्ष एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी अशोक गोयल सोमवार 15 जून को जिला मुख्यालय जांजगीर के विद्युत कार्यालय परिसर में अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ विद्युत उपभोक्ताओं की बैठक लिए। बैठक के माध्यम से बताया गया कि विद्युत उपभोक्ता अपने अधिकार एवं कर्तव्य को लेकर जागरूक रहे। जितना खपत हो रहा है उससे अधिक बिजली बिल आ रहा है इसकी जानकारी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को दें समय पर बिजली का बिल जमा करना जरूरी रहता है। साथ ही साथ श्री गोयल ने बताया कि नया मीटर लगाना, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या, नया ट्रांसफार्मर लगवाने, नया विद्युत कनेक्शन लेना इसे लेकर विद्युत उपभोक्ता जागरूक रहे। बिजली से संबंधित किसी तरह की समस्या आने पर नजदीक के विद्युत केंद्र जाकर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को समस्या को लेकर सूचना भी देनी चाहिए। बैठक के दौरान उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष अशोक गोयल, अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी, कार्यपालन अभियंता हरि शंकर राठौर, कनिष्ठ यंत्री सौरभ कश्यप, कमलेश डाहिरे, राकेश साहू, अंकित सोनी, अजय भारद्वाज समेत विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्युत उपभोक्ता मौजूद रहे।

## पड़रिया धाम में आयोजित तीन दिवसीय अखंड रामनाम यज्ञ का हुआ समापन



**बेल्हाडीह-जेठा।** छितापड़रिया बेल्हाडीह जंगल में स्थित बाबा धर्मराज की तपस्थली पड़रिया धाम में त्रिदिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन गीत संगीत भजन के साथ आयोजित हुआ। यज्ञ का समापन मंगलवार को हुआ। इस दौरान भंडारा का भी आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ का आयोजन 14, 15 एवं 16 जून को किया गया। यज्ञ का समापन हवन एवं आहुति के साथ हुआ। बाबा धर्मराज ने लोक कल्याणार्थ तपस्या में लीन रहकर यज्ञ में आहुतियों के साथ लोक कल्याण कामना किया। इस संबंध में ज्ञानकुंज स्कूल के संचालक एवं समाजसेवी दुलीचंद साहू ने बताया कि इस त्रिदिवसीय आयोजन के समापन अवसर पर अघोर पंथ के बोईरडीह जैजैपुर पीठाधीश्वर बाबा पुनीत शाही ने उपस्थित लोगों से कहा कि धाम के विकास में युवाओं की सहभागिता जरूरी है। इस आयोजन को लेकर ग्राम सरपंच संतोष सिदार, कमलेश चौहान, मनोज यादव, धनसिंह कुर्रे, सुरेश साहू, राजेश साहू, रोहित साहू, रामेश्वर धीवर, आदित्य चौहान,पिंकू साहू,श्याम दास वैष्णव, बाजीराव, चूड़ामणि,पंचू सिदार, सोनू चौहान आदि कार्यकर्ताओं के साथ बेल्हाडीह , लवसरा, रायपुरा, छीतापड़रिया, सकरेली के श्रद्धालु आयोजन में सहभागिता निभाई। उल्लेखनीय है कि करीब दो वर्ष से बाबा धर्मराज छीता पंडरिया जंगल बैगिन बैगा चौरा के निकट हनुमान लला की अनवरत साधना में लगे हुए हैं। यहां हर मंगलवार एवं शनिवार को श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन एवं पूजन के लिए पहुंचते है। पंडरिया धाम प्रसिद्ध होकर लोगों के आस्था केंद्र बना हुआ है।

## अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तीन दिवसीय पंजीकरण शिविर का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

अनुविभाग स्तरीय 3 दिवसीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन के संबंध में सरपंच एवं सचिव की बैठक जनपद सभाकक्ष पामगढ़ में हुई। इस दौरान 18, 19 एवं 20 जून को आयोजित होने वाले पंजीकरण शिविर के बारे में सरपंच, सचिवों को आवश्यक निर्देश दिया गया।

- जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सरपंच एवं सचिवों की हुई बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में संपूर्ण प्रदेश में ''विश्वास के विकास के जनकल्याण के'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्येक राजस्व अनुविभाग स्तर पर 3-दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविरों का आयोजन 18 जून, 19 जून एवं 20 जून 2026 को सद्भावना भवन पामगढ़ में आयोजित किया गया है। उक्त अनुविभाग स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, आयुष्मान वैवंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास योजना, पेंशन योजनाएं इत्यादि के अंतर्गत पंजीयन तथा सुविधा लाभ दिए जाने की कार्यवाही किए जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पामगढ़ की अध्यक्षता में 16 जून को जनपद पंचायत पामगढ़ अंतर्गत समस्त सरपंच एवं सचिव ग्राम पंचायत का बैठक जनपद सभाकक्ष पामगढ़ में आयोजित कर समस्त सरपंच, सचिवों को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही ग्राम पंचायतों में अविवादित नामांतरण, बंटवारा एवं विवादित नामांतरण, बंटवारा के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में आर.के. तम्बोली अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पामगढ़, मणिशंकर कौशिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज.पं. पामगढ़, मुकेशपुरी गोस्वमी, वि.वि.अधि. एवं रूपलता बुनकर, वि.वि.अधि. ज.पं. पामगढ़ उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित सरपंच, सचिवों को निर्देश देते अधिकारी।

## प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया देश का मान : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

मोदी सरकार के 12 साल पूरा होने पर भाजपा जिला कार्यालय जांजगीर में मिडिया संवाद का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**खास बात**

- पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को रखा सामने

बिल्हा विधायक और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरम लाल कौशिक ने प्रेस वार्ता लेकर मोदी के बारह साल की उपलब्धियों को गिनाया।

उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू के बाद अब तक के सबसे लम्बे अवधि तक जनप्रतिनिधि रहने का सौभाग्य मिला। उन्होंने विकास, विश्वास और जन कल्याण के साथ 12 साल पूरा किया। धरम लाल कौशिक ने कहा कि मोदी जी को जनता का अटूट विश्वास मिला। जिसके कारण नरेन्द्र मोदी ने नवाचार किए और करप्शन पर रोक लगाने के लिए ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा दी, जिसके कारण केंद्र सरकार की हार योजना का शत प्रतिशत राशि अंतिम छोर मे पहुंचाया, और देश को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर आगे बढ़ाया हैं। सर्जिकल स्ट्राइक हो या कोरोना जैसी महामारी, धार्मिक स्थानों का संरक्षण और गांव, गरीब, किसान को विकास के रास्ते मे आगे बढ़ाने का दवा किया, धरम लाल कौशिक ने कहा कि मोदी जी अपने कार्यों की समीक्षा खुद करते हैं और अब बीजेपी के एक एक कार्यकर्ता मोदी के 12 साल के कार्य काल को लेकर जनता के बीच जाने को तैयार हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, कमला पाटले, गुलाब सिंह चंदेल, सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



पत्रकारों से चर्चा करते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक।

## अधिवक्ता संघ ने निर्माणाधीन नवीन न्यायालय भवन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

व्यवहार न्यायालय चाम्पा के निर्माणाधीन नवीन न्यायालय भवन का निरीक्षण अधिवक्ता संघ चाम्पा के प्रतिनिधिमंडल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण कार्य की प्रगति, उपलब्ध सुविधाओं एवं अधिवक्ताओं तथा न्यायालयीन कार्य से जुड़े पक्षकारों के लिए प्रस्तावित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।

- भवन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को मिलेगी सुविधा

प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता संघ चाम्पा के अध्यक्ष भीमन थवाईत, उपाध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष विजय पटेल, संतोष कुमार सोनी, पूर्व सचिव गणेश श्रीवास सहित अधिवक्ता संजय सोयत्रा एवं राजेश्वर गौरहा उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिवक्ताओं ने नवीन न्यायालय भवन के निर्माण कार्य को न्यायिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि भवन के पूर्ण होने के पश्चात अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा, जिससे न्यायिक कार्यों के संचालन में और अधिक सुगमता आएगी। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों एवं समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाने की अपेक्षा व्यक्त करते हुए न्यायालय परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के समुचित विकास पर भी बल दिया।



भवन का निरीक्षण करने पहुंचा अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधि मंडल।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन, सुशासन तिहार, समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सभी तैयारियां करें सुनिश्चित : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार 16 जून को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं विभागीय योजनाओं के प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों, मुख्यमंत्री हेल्पलाईन, खाद उपलब्धता, मानसून पूर्व तैयारियों एवं आपदा प्रबंधन, ई-ऑफिस, सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण, समय सीमा के लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक मे कलेक्टर ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुव्यस्थित योग कार्यक्रम आयोजन की सभी तैयारिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि सामुदायिक भवन सक्ती में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने योग दिवस कार्यक्रम के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए मंच निर्माण, कारपेट, साउंड सिस्टम, पेयजल, साफ-सफाई, मेडिकल टीम आदि अन्य आधारभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन योजना के संचालन को लेकर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के संचालन के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखी जाए तथा शिकायतों के निराकरण संबंधी सभी प्रक्रियाओं को निर्धारित समय सीमा में करे, ताकि सीएम हेल्पलाइन की सुविधा से आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा सके। कलेक्टर ने प्री-मानसून तैयारियों एवं प्राकृतिक आपदा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, राहत एवं बचाव कार्यों की अग्रिम तैयारी करने, आवश्यक उपकरण, संसाधन एवं मानवबल उपलब्ध रखने कहा। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान किसानों एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग सतर्कता, तत्परता और जवाबदेही के साथ कार्य करें।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

## उल्लास संस्कृति और उपलब्धियों के साथ मनाया गया दिल्ली पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस

**चांपा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल ने अपना 16वां स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं भव्यता के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक स्व. रामगोपाल देवांगन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकिशोर देवांगन ने कहा कि "दिल्ली पब्लिक स्कूल केवल एक शिक्षण संस्था नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी स्वप्न का साकार रूप है। संस्थापक स्व. रामगोपाल देवांगन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना था। आज विद्यालय उसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नई पीढ़ी को ज्ञान, संस्कार और उत्कृष्टता की दिशा प्रदान कर रहा है। विशिष्ट अतिथि नवल किशोर देवांगन ने कहा कि शिक्षा, संस्कृति, और नैतिकता के आदर्शों को आत्मसात करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल निरंतर सफलता की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह ने कहा कि- विद्यालय का यह स्थापना दिवस केवल एक वर्षगांठ नहीं, बल्कि समर्पण, उत्कृष्टता और निरंतर प्रगति की उस गौरवशाली यात्रा का उत्सव है।

